कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602 AISHE CODE : C-21647

दुर्ग, दिनांक 22.04.2026

/ प्रतिवेदन /

कन्या महाविद्यालय

अर्थशास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के अर्थशास्त्र विभाग में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथि डॉ. शुभा शर्मा प्राध्यापक अर्थशास्त्र शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई द्वारा "आर्थिक विकास पर अधोसंरचना के विकास का प्रभाव" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी देश का आर्थिक विकास उस देश की अधोसंरचना जैसे यातायात एवं संचार माध्यम, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, ऊर्जा, जल आपूर्ति आदि पर निर्भर करता है। ये सभी देश की आर्थिक गतिविधियों की आधारशिला है।

विभागाध्यक्ष डॉ मुक्ता बाखला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधोसंरचना का विकास आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाती है तथा उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करती है जिससे निवेश बढ़ता है तकनीकी विकास होने से श्रम की कार्य कुशलता बढ़ती है जिससे उत्पादन तो बढ़ता ही है बाजार का विस्तार होता है जिससे आर्थिक विकास को गति मिलती है।

आमंत्रित वक्ता डॉ. शुभा शर्मा ने आर्थिक विकास पर अधोसंरचना के विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में उन्होंने परिवहन व्यवस्था, शहरी नियोजन, सार्वजनिक सुविधाओं तथा रोजगार सृजन, निवेश और आर्थिक स्थिरता पर पढ़ने वाले प्रभावों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना का विकास न केवल उत्पादकता बढ़ाती है, बल्कि जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ–साथ सतत विकास को भी बढ़ावा देती है।

डॉ. दीपक कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि मजबूत अधोसंरचना देश में घरेलू एवं विदेशी निवेशकों को आकर्षित करती है जिससे आर्थिक वृद्धि दर में सुधार होता है। डॉ. दीपक कश्यप ने भारत में सड़क, रेल, डिजिटल नेटवर्क एवं ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे विकास के उदाहरण देकर बताया कि अधोसंरचना का विस्तार आर्थिक उन्नति का प्रमुख कारक है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश चेलक द्वारा किया गया डॉ. कमलेश चेलक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। उन्होने छात्राओं को भी उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भाग लिया इसके अतिरिक्त अन्य विषय भूगोल, राजनीति एवं समाजशास्त्र की स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भी अपनी भागीदारी दी।

टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
डॉ.रंजना श्रीवास्तव
शास.डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग(छ.ग)

PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)